अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)

www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक /456 /परीक्षा–गोपनीय/2022 बिलासपुर दिनांक 17/11/2022

–::अधिसूचना::–

सत्र 2022–23 में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, शिक्षण विभाग एवं अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय (गैर–प्रतिबंधित) महाविद्यालयों में स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में **नवप्रवेशित नियमित परीक्षार्थियों** (जो विश्वविद्यालय के परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होंगे) हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in के माध्यम से **नामांकन आवेदन** (Enrollment Form) एवं नामांकन शुल्क का आनलाईन भुगतान हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया जाता है।

क्र.	विवरण	तिथि
01	आनलाईन **नामांकन** आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि (बिना विलंब शुल्क)	21/11/2022 से 09/12/2022 तक
02	आनलाईन **नामांकन** आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि (विलंब शुल्क के साथ)	10/12/2022 से 15/12/2022 तक
03	छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन** आवेदनों की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य/आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित महाविद्यालय/वि.वि.शिक्षण विभाग में जमा करने की तिथि	21/11/2022 से 19/12/2022 तक
04	महाविद्यालयों हेतु निर्देश छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन** आवेदनों की सूची (Enrollment return/roll list 2022-23) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में समस्त अनिवार्य/आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति सहित विधिवत अग्रेषित करते हुये विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि	22/12/2022 से 26/12/2022 तक

टीपः– (i) नियमित छात्र–छात्राओं का नामांकन आवेदन भराया जाना महाविद्यालयों की जिम्मेदारी होगी।

(ii) छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामांकन आवेदन भरते समय (यूजर आई.डी./पासवर्ड हेतु) एक मोबाईल नम्बर से एक ही नामांकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल एवं ई–मेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जावे।

(iii) **छात्र–छात्राओं को आनलाईन नामांकन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश यथाशीघ्र जारी किया जायेगा।**

01. महाविद्यालय/शिक्षण विभाग को संबंधित विषय/पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त सीट संख्या के अनुसार ही नामांकन आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अतः महाविद्यालय इसका विशेष ध्यान रखें।

02. नामांकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवें कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते हैं।

03. नामांकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।

Scanned with CamScanner

04. किसी भी प्रकार की समस्या/कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय/शिक्षण विभाग के प्राचार्य/शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या का निराकरण नहीं होने पर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग के निम्नांकित नंबरो पर संपर्क करें।

SANGEETA DUBEY/ SURAJ NIRMALKAR	Science Department	7999115455/ 9685990348
GOPAL PRASAD NETAM	B.A. Department	8982825962
SUKHNATH YADAV	Commerce Department	7879020166
MUKESH GUPTA	LAW/UTD	7000525179
SANGEETA DUBEY	P.G. SEMESTER	7999115455

आदेशानुसार

कुलसचिव
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर।

पृ. क्रमांक /457/ परीक्षा–गोपनीय / 2022 बिलासपुर दिनांक 17 /11/ 2022

01. कुलपति जी के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. वित्ताधिकारी/सहायक कुलसचिव (वित्त/अकादमी/भंडार/परीक्षा) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, एवं विभाग प्रमुख, विश्वविद्यालय, शिक्षण विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित कृपया सूचना पटल पर छात्र/छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आनलाईन नामांकन फार्म भरने हेतु सूचित करें।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (परीक्षा/अकादमी/भंडार) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. श्री विकास शर्मा को इस आशय के साथ सूचनार्थ कि नव प्रवेशित छात्रों का डाटा, डाटा सेंटर को प्रेषित करें।
06. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

17.11.22
परीक्षा नियंत्रक

Scanned with CamScanner